१९४८ - २०२२
शांति - सेवा - न्याय

शांति सेवा न्याय

आज़ादी का अमृत महोत्सव



किस्सा खाकी का

मासिक ई-न्यूजलेटर

जुलाई 2022



संदेश

राकेश अस्थाना
आयुक्त, दिल्ली पुलिस

नमस्कार !

गत माह हमने 'विश्व रक्तदाता दिवस' मनाया। हम दिल्ली को सुरक्षित बनाने के साथ–साथ इसको स्वस्थ रखने में भी अपना योगदान दे रहे हैं। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने आम जनता के लिए एक कल्याणकारी उपाय 'जीवन दायिनी' को विशेष पहल के रूप में अपनाया है। 'जीवन दायिनी' हमारे उन रक्त योद्धाओं के लिए समर्पित है जो अपने चुनौतीपूर्ण कार्य के साथ–साथ नियमित रूप से रक्तदान करते हैं। दिल्ली–एनसीआर में किसी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत पड़ने पर हमारे रक्त योद्धा उन लोगों तक पहुंच रहे हैं।

दिल्ली पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भी बड़े पैमाने पर मनाया। योग किसी व्यक्ति मात्र के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है जो स्वस्थ जीवन शैली को विकसित करने के लिए स्वास्थ्य, संतुलन और सहयोग की अद्भुत प्रेरणा दे रहे हैं। योग दिवस का विस्तार करते हुए इस बार दिल्ली पुलिस के सभी जिलों में योग दिवस मनाया गया।

दिल्ली पुलिस द्वारा 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' भी मनाया गया। शहर में नशीले पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के हमारे प्रयास हमेशा से अग्रणी रहे हैं। शहर को नशामुक्त करने के लिए हम प्रतिबद्ध रहे हैं, इस दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं।

एक समतामूलक समाज की दिशा में दिल्ली पुलिस महिलाओं को सशक्त बनाने और लिंगभेद को तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत महिलाओं को आत्मरक्षा की तकनीक के जरिए मजबूत बनाने के लिए अपनी विशेष पहल 'सशक्ति' के तहत हमने समर कैंप का आयोजन किया।

महिला पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर दिल्ली पुलिस हमेशा से संवेदनशील रही है। इसी के मद्देनजर दिल्ली पुलिस, मदालसा फाउंडेशन और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। इसके तहत पुलिस मुख्यालय और विभिन्न पुलिस थानों के महिला शौचालय में सेनेटरी वेंडिंग मशीन और अलग इको–फ्रेंडली डिस्पोजल मशीन स्थापित किए जाएंगे।

हम मजबूत लॉजिस्टिक्स और अत्याधुनिक तकनीकों के साथ खुद को विकसित कर रहे हैं। दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था में नई तकनीक का मार्ग प्रशस्त करने के लिए दिल्ली पुलिस और आईआईटी दिल्ली के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है जो भविष्य की चुनौतियों का समाधान पाने में हमारी मदद करेगा। हमारा उद्देश्य दिल्ली पुलिस और आम जनता के बीच एक लंबे समय तक चलने वाला मजबूत बंधन बनाना है।

मुझे पूरी उम्मीद है कि 'किस्सा खाकी का' का यह संस्करण आपको पसंद आएगा।

सुर्खियां

'आज़ादी का अमृत महोत्सव' और दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस के मद्देनजर प्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा के 174वीं जयंती के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय और मेघ मंडल संस्थान के सहयोग से राजा रवि वर्मा चित्रकार सम्मान समारोह, 'चित्रांजलि' का आयोजन किया गया। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में हुए इस कार्यक्रम में देश भर से आए 14 प्रसिद्ध कलाकारों को उनके काम और कला के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।





'विश्व रक्तदाता दिवस' के अवसर पर दिल्ली पुलिस के रक्त योद्धाओं की पहल 'जीवन दायिनी' को दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने आधिकारिक रूप से अपनाने की घोषणा की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने दिल्ली पुलिस के रक्त योद्धाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एम्स, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की निदेशक डॉ. वनश्री सिंह ने भी भाग लिया।

'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एम्स दिल्ली रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना और एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।





सुर्खियां



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने योगाभ्यास किया।

महिला पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को देखते हुए दिल्ली पुलिस, मदालसा फाउंडेशन और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत दिल्ली पुलिस मुख्यालय और विभिन्न पुलिस थानों के महिला शौचालयों में सेनेटरी वेंडिंग मशीन और अलग इको–फ्रेंडली डिस्पोजल मशीन स्थापित की जाएगी।





सुर्खियां



पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई (SPUWAC) और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष पुलिस इकाई (SPUNER) के नए कार्यालय भवनों का दौरा किया। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान श्री आयुक्त ने पूर्वोत्तर के लोगों की बेहतरी में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया ।

दिल्ली पुलिस मुख्यालय में दिल्ली पुलिस और IIT दिल्ली के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह दिल्ली पुलिस व्यवस्था में नई तकनीक का मार्ग प्रशस्त करेगा जो भविष्य की चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद करेगा।



18वां आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

'सशक्ति'

महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण की एक पहल





दिल्ली पुलिस ने महिलाओं और लड़कियों को आत्मरक्षा तकनीक सिखाकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए अपनी विशेष पहल 'सशक्ति' के तहत ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया।





'सशक्ति' पहल के अंतर्गत आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में महिलाओं और लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। सोशल मीडिया के माध्यम से इसे रचनात्मक रूप से भी प्रचारित किया गया।

दिल्ली पुलिस के 18वें आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर – 'सशक्ति' के समापन समारोह में 3000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष इकाई (SPUWAC) ने सशक्ति के तहत आत्मरक्षा के कई शिविरों का आयोजन किया । इसमें बड़ी संख्या में लड़कियों और महिलाओं को मुफ्त आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया।



सभी जिलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, दिल्ली पुलिस ने सभी जिलों में योग सत्र का आयोजन किया। सभी पुलिस कर्मियों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और योगाभ्यास किया।



पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी ने पुलिस परिवारों के लिए योग सत्र आयोजित कर 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया। कार्यक्रम में पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती अनु अस्थाना बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों से प्रतिदिन योग करने की अपील की।



दिल्ली पुलिस में कार्यरत हेड कांस्टेबल थान सिंह गरीब व वंचित बच्चों के लिए एक मुफ्त पाठशाला चलाते हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के मौके पर उन्होंने पाठशाला में सभी बच्चों के लिए योग सत्र का आयोजन किया।

सामुदायिक पुलिसिंग
जिला डायरी

उत्तर-पश्चिम जिला

दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री राकेश अस्थाना ने उत्तर–पश्चिम जिले में पुनर्निर्मित पुलिस लाइन परिसर का उद्घाटन किया। इसके अंदर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र, मनोरंजन हॉल व बैडमिंटन कोर्ट जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्त कार्य का माहौल मिलेगा।





उत्तर, सेंट्रल और शाहदरा जिला

दिल्ली के निवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने और शांति बनाए रखने के प्रयास में, उत्तर, सेंट्रल और शाहदरा जिलों में अमन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। बैठक में शामिल अमन समिति के लोगों को अफवाहों में शामिल न होने की सलाह दी गई।

सामुदायिक पुलिसिंग
जिला डायरी



शाहदरा जिला

शाहदरा जिले में स्थित यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 प्रशिक्षण भागीदारों के सहयोग से 'युवा 2.0 नामांकन मेला' का आयोजन किया गया। मेले में कुल 2,776 युवाओं ने नामांकन कराया। इसका लक्ष्य विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के कौशल को विकसित करके उन्हें सशक्त बनाना है।

आउटर जिला

'विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस' के अवसर पर दिल्ली पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए आउटर जिले में चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बुजुर्गों से जुड़ने के लिए 'वरिष्ठ नागरिक कल्याण' पर एक व्याख्यान और योग सत्र का भी आयोजन किया गया।



आयोजन
किस्सा खाकी का

सशक्ति

दिल्ली पुलिस की विशेष पहल 'सशक्ति' महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने एक विशेष पॉडकास्ट के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को दोहराया है।





जीवन दायनी

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने एक विशेष पोडकास्ट के जरिए रक्तदान के महत्व और इनकी जरूरतों पर चर्चा करते हुए दिल्ली पुलिस की पहल 'जीवन दायिनी' पर प्रकाश डाला। इसके तहत उन्होंने दिल्ली समेत एनसीआर भर में जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने वाले दिल्ली पुलिस के रक्त योद्धाओं की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।



चोरी की उम्र 2 घंटे

दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के **21वें संस्करण** में एक शातिर वाहन चोर के गिरफ्तारी की कहानी सुनाई गई। शातिर चोर ने दिल्ली की सड़कों से एक–एक कर 22 वाहनों को चुरा लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस उसके पीछे पड़ी तो उसके सारे राज खुल गए। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।



कातिल एक कत्ल चार

दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के **22वें संस्करण** में दिल्ली में हुए चार सनसनीखेज हत्याओं और इसके खुलासे की कहानी सुनाई गई। पॉडकास्ट के जरिए बताया गया है कि कैसे दिल्ली पुलिस ने न सिर्फ हत्या की वजह का पता लगाया, बल्कि हत्यारे को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा।



रियल हीरो

दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के **23वें संस्करण** में दो पुलिस कर्मियों के साहस और कर्तव्यनिष्ठा की कहानी सुनाई गई, जिन्होंने आग में फंसे 3 नागरिकों को बचाकर सराहनीय कार्य किया।



सशक्त प्रतिमा

दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के **24वें संस्करण** में दिल्ली पुलिस की इंस्पेक्टर प्रतिमा की कहानी सुनाई गई, जिन्होंने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है।

आयोजन

आस्क मी एनीथिंग



दिल्ली पुलिस के ट्विटर लाइव सत्र 'आस्क मी एनीथिंग' डीसीपी बेनिटा मैरी जैकर (दक्षिण जिला) और डीसीपी सुमन नलवा (पीआरओ और विशेष शाखा) के साथ आयोजित किया गया। यह लाइव सत्र गंभीर विषय 'ऑनलाइन स्टॉकिंग' पर आधारित था। इस लाइव सत्र में जनता ने ऑनलाइन स्टॉकिंग, इससे नुकसान और बचाव को लेकर अधिकारियों से सवाल पूछा। दोनों अधिकारियों ने जनता के सवालों का संतोषजनक जवाब दिया।

दिल्ली पुलिस की गतिविधियां

पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती अनु अस्थाना ने दक्षिण जिले में बच्चों के लिए एक खेल क्षेत्र का उद्घाटन किया और एम्पॉवर्ड वुमेन एसोसिएशन द्वारा प्रशिक्षित की गई वंचित महिलाओं को भी सम्मानित किया।





विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर पुलिस परिवार कल्याण समिति ने फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनु अस्थाना ने रक्तदाताओं से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया।

दिल्ली पुलिस की गतिविधियां

पुलिस फैमिली वेलफेयर सोसाइटी ने डेंटल हाइजीन पर जोर देते हुए सिटी डेंटल के सहयोग से शालीमार बाग वेलनेस सेंटर में डेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया।



शांति सेवा न्याय

संरक्षक

राकेश अस्थाना

आयुक्त, दिल्ली पुलिस

संचार टीम

सुमन नलवा

उपायुक्त (स्पेशल ब्रांच व पीआरओ)

आदित्य गौतम

सहायक उपायुक्त

सोशल मीडिया (दिल्ली पुलिस मुख्यालय)

रचनात्मक सहयोग

आख्या इंडिया

सोशल मीडिया सलाहकार, दिल्ली पुलिस

संपर्क करें

सोशल मीडिया सेंटर

कमरा नं: 1408, 14वीं मंजिल

पुलिस मुख्यालय, जय सिंह मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली